संख्या : 1543 /आठ–7–23–10जी.डी.ए./2004 T.C. II

प्रेषक,

सुनील कुमार सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

उपाध्यक्ष,
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण,
गाजियाबाद।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–7 **लखनऊ : दिनांक : 10 जनवरी, 2023**

विषय : गाजियाबाद मेट्रो रेल विस्तारीकरण परियोजना के अन्तर्गत वैशाली से मोहननगर तथा इलेक्ट्रॉनिक सिटी (नोएडा सेक्टर–62) से साहिबाबाद तक विस्तारीकरण कार्य के वित्त पोषण (फंडिंग) के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–495/4/ई.ई./जोन–1/2022 दिनांक 06.12.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से गाजियाबाद मेट्रो रेल विस्तारीकरण परियोजना के अन्तर्गत वैशाली से मोहननगर तथा इलेक्ट्रॉनिक सिटी (नोएडा सेक्टर–62) से साहिबाबाद तक विस्तारीकरण कार्य के वित्तीय भार का वहन शासन द्वारा किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2– अवगत कराना है कि प्रदेश में वर्तमान में लखनऊ, कानपुर व आगरा शहरों में मेट्रो परियोजनाएं पूर्व से ही संचालित हैं तथा गोरखपुर में मेट्रो लाईट परियोजना भारत सरकार में अनुमोदन हेतु विचाराधीन है। इसके अतिरिक्त एन.सी.आर. में आर.आर.टी.एस. संचालित है। इन परियोजनाओं पर राज्य सरकार द्वारा निवेश व ऋण के रूप में काफी अधिक धनराशि का व्यय किया जाना है। अतः राज्य सरकार के संसाधनों को देखते हुए गाजियाबाद मेट्रो के उक्त विस्तारीकरण में धनराशि निवेश करने का औचित्य प्रतीत नहीं होता है। डी.एम.आर.सी., संबंधित प्राधिकरण/नगर निगम द्वारा अपने संसाधनों से उक्त विस्तारीकरण परियोजना का वित्त पोषण करने पर विचार किया जा सकता है।

3– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त के दृष्टिगत गाजियाबाद मेट्रो वैशाली से मोहननगर तथा इलेक्ट्रॉनिक सिटी (नोएडा सेक्टर–62) से साहिबाबाद तक विस्तारीकरण परियोजना हेतु अन्य वैकल्पिक प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सुनील कुमार सिंह)
विशेष सचिव